# बेकाबू बस हलोन पुल की रेलिंग पर चढ़ी

## ऊंचे पुल पर बस लटकी, 50 से अधिक यात्री थे सवार

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** डिंडोरी से बिछिया आ रही आकाश ट्रेवल्स की बस अनियंत्रित होकर हलोन पुल की रेलिंग पर चढ़ गई। घटना स्थल और बस की स्थिति को देखकर रुह कांप जाती है। किन्तु बस में सवार कोई यात्री हताहत नहीं हुए।



भुआ बिछिया से डिंडोरी मार्ग पर 9 किलो मीटर दूर हलोन नदी पर बने पुल में डिंडोरी से बिछिया आकाश ट्रेवल्स की 50 से अधिक सवारियां लेकर आ रही यात्री बस शाम 5 बजे अनियंत्रित हो गई। और पुल की रेलिंग तोड़ कर बस का चालक वाला हिस्सा पुल पर लटक गया। जबकि पिछले हिस्से का टायर पुल की रेलिंग से जाकर टिक गया। बस 6 - 8 इंच और बढ़ जाती तो पुल से बस 100 फिट नीचे बहते पानी गिर जातीं। हादसे की कल्पना मात्र से रूह कांप जाती है।

**घटना के कारण की पुष्टि नहीं-** इतने बड़े हादसे के कारण की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस दल मौके पर पहुंच गया है। वहीं बस में सवार यात्री दूसरे साधनों से अपने गंतव्य को रवाना हो गए हैं। वहीं कुछ लोगों का कहना है ब्रेक फेल हो जाने से बस नियंत्रण से बाहर हो गई।तो कुछ का कहना है दोपहिया वाहन को बचाने के चक्कर में घटना घटित हो गई।

**घटना स्थल पर लगा हुजुम-** घटना की खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। सोशल मीडिया में घटना फोटो वीडियो वायरल हो गया। और सैकड़ों की संख्या में जनसमुदाय घटना स्थल पहुंच गया।

**जाको राखे साइयां मार सके न कोय-** बस में सवार सभी यात्री बहुत ही भाग्यशाली थे।जिस हालात और स्थल में घटना घटित हुई, उसे देखकर हर कोई की जुबान में एक ही शब्द था, जाको राखे साइयां मार सके न कोय।

**चालक स्वयं पहुंचा थाने-** दुर्घटना ग्रस्त वाहन चालक स्वयं थाना बिछिया पहुंच गया। चालक अर्जुन लाल झरिया उम्र 50 वर्ष निवासी बिछिया ने घटना का कारण अचानक बस का ब्रेक फेल होना और सामने से मोटर साइकिल के आ जाने से उसे बचाने के कारण बस अनियंत्रित हो गई।

## रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# कलेक्टर ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलाई शपथ

**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को जिला योजना भवन के सभाकक्ष में देश की एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल रन फॉर यूनिटी का भी आयोजन किया गया। जिला पंचायत के अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका मंडला अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट ने रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला योजना भवन से रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ किया गया। रन फॉर यूनिटी पुलिस अधीक्षक कार्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2, जनपद पंचायत कार्यालय मंडला, पशु चिकित्सालय विभाग, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग होते हुए स्टेडियम तक पहुँची। स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी का समापन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े सहित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिले के खिलाड़ियों, विद्यार्थियों, सीआरपीएफ के जवान, पुलिस बल एवं सम्मानीय नागरिकों ने सहभागिता की।



### सार-समाचार

## कलेक्टर ने धनतेरस पर भगवान धनवंतरी की पूजा-अर्चना की

**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को धनतेरस पर जिला आयुष कार्यालय मंडला में आयुर्वेद दिवस मनाया। उन्होंने इस अवसर पर भगवान श्री धनवंतरी की जयंती पर उनकी पूजा अर्चना कर प्रसादी प्राप्त किया। जिला आयुष कार्यालय के द्वारा आयुर्वेद दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। आयोजित शिविर में आयुर्वेद से संबंधित उपचार विधि और आयुर्वेद दवाईयों के बारे में जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर जिला आयुष कार्यालय मंडला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आयुष विभाग द्वारा लगाए गए सेल्फी प्वाईंट में सेल्फी ली। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी श्रीमती गायत्री अहाके सहित आयुष विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं 48 लोगों की समस्याएं

**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने योजना भवन के सभाकक्ष में जनसुनवाई के दौरान 48 आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए उनके निराकरण की पहल की। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदनकर्ता को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवेदन का समय-सीमा में समुचित निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से भी अधिकारियों को निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ लालशाह जगेत सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। संपन्न हुई जनसुनवाई में ग्राम पंचायत कामता माल निवासी लखनलाल ने अनावेदक द्वारा कब्जा कर बुआई किए जाने के संबंध में, ग्राम देवदरा निवासी श्यामलाल झारिया ने आदेश की संपूर्ण दस्तावेज दिलाने, ग्राम औघटखपरी निवासी श्वेतल ने आशा कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति दिलाने के संबंध में, ग्राम बिनैका निवासी विद्युत बिल अत्यधिक आने पर जांच के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए गए।

## अनाधिकृत रुप से संचालित मेडिकल क्लीनिक को सील किया

**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही किए जाने हेतु अनुविभागीयवार टीम गठित कर कार्यवाही की जा रही है। अनुविभागीय दंडाधिकारी बिछिया सुश्री सोनाली देव और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने उक्त निर्देशों का पालन करते हुए ताज मेडीकल भुआबिछिया में अनाधिकृत रूप से संचालित क्लीनिक पर कार्यवाही कर सील किया है। उन्होंने इसी प्रकार से ग्राम मांझीपुर में अवैध दवाई और सर्जिकल उपकरण जब्त कर कार्यवाही की है।

## जनसुनवाई में प्रीति को तत्काल मिला स्वीकृति आदेश

**मण्डला, देशबन्धु।** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के ग्राम गुरारखेड़ा निवासी प्रीति भारतीय ने जनसुनवाई का विधवा पेंशन योजना का लाभ दिलाने के संबंध कलेक्टर को आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सामाजिक न्याय विभाग को आवेदन की पात्रता का परीक्षण कराते हुए तत्काल प्रीति को मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना के तहत स्वीकृति आदेश प्रदान किया। प्रीति कहती हैं कि जनसुनवाई में मेरी पेंशन की समस्या का निराकरण हो जाने से मैं अत्यंत खुश हूं और अगले महीने से मेरे बैंक खाते में सीधे पेंशन की राशि प्रदान की जाएगी। जिससे परिवार के जीवनयापन में मददगार साबित होगी। प्रीति ने जिला प्रशासन एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जनसुनवाई में टीकाराम को तत्काल मिला श्रवण यंत्र

**मण्डला, देशबन्धु।** जिले के जिला योजना भवन में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जा रहा है। जनसुनवाई में जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप तत्काल सहायता भी उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंडला विकासखंड के बरगवां निवासी टीकाराम जंघेला ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर सोमेश मिश्रा के समक्ष श्रवण यंत्र दिलाने से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग को आवेदक की पात्रता का परीक्षण कर तत्काल श्रवण यंत्र प्रदान करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने खरीदे मिट्टी के दीये



**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने दीपावली के त्यौहार में मिट्टी के बने दीपक को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेडक्रॉस मंडला के समीप लगाए गए कुम्हारों की दुकानों से मिट्टी के दीपक खरीदे। जिले में दीपावली त्यौहार पर कुम्हारों को नगरपालिका/नगर पंचायत/ग्राम पंचायतों के हाट बाजारों में मिट्टी के दीपक विक्रय में छूट देने के आदेश जारी किए गए हैं।

जिसके तहत हाट बाजारों में मिट्टी के दीपक विक्रय करने वाले कुम्हारों से किसी भी प्रकार का कर नहीं लिया जा रहा है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने रमेशचन्द्र चक्रवर्ती और बलराम चक्रवर्ती से मिट्टी के दीपक खरीदे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि दीपावली पर्व के अवसर पर जिले के नागरिक मिट्टी के बने दीपक का उपयोग करें। दीपावली त्यौहार पर मिट्टी के दीपक जलाकर महालक्ष्मी की पूजा कर अपने घरों को रौशन करें। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर रमेशचन्द्र चक्रवर्ती, बलराम चक्रवर्ती, श्रीमती मोनी सारथी सहित सभी कुम्हारों को दीपावली पर्व के अवसर पर गिफ्ट प्रदान कर उन्हें दीपावली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

## निर्वाचन आयोग के जिंगल का मुख्य नपा अधिकारी करेंगे प्रचार-प्रसार

**मण्डला, देशबन्धु।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 में दावे आपत्तियों की अवधि के दौरान प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत तैयार कराई गई दो प्रकार की जिंगल के द्वारा अपशिष्ट संग्रहण वाहनों, रेल्वे स्टेशन/बस स्टैण्ड, ट्रेफिक सिग्नल के अनाउन्समेंट सिस्टम पर तथा जिले में समय-समय पर आयोजित मेलों/हाट दिवसों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अथवा विभाग के पास उपलब्ध अन्य संसाधनों के द्वारा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराना होगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंडला को उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है।

# ललित को मिला आर्थिक सहायता का लाभ



**मण्डला, देशबन्धु।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर शिकायतों का मौके पर ही निराकरण होने से आवेदक खुशी जाहिर कर रहे हैं। 29 अक्टूबर 2024 को सम्पन्न हुई जनसुनवाई में जिले के सरदार पटेल वार्ड निवासी ललित साहू ने कलेक्टर को आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से आवेदक ललित को तत्काल 2 हजार 1 सौ रूपए की सहायता उपलब्ध कराई। साथ ही हर घर दीवाली कार्यक्रम के तहत उपहार भेंट कर दीवाली की शुभकामनाएं दी। ललित साहू ने जिला प्रशासन की इस संवेदनशील सहायता के लिए आभार व्यक्त किया है।

## ठेकेदार की अमानत राशि 3 लाख 96 हजार राजसात की गई

**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा दीपावली पर्व पर जिले के ग्रामीण एवं दूर दराज के अंचलों से मिट्टी के दीपक तैयार कर विक्रय किये जाने पर शुल्क नहीं लिये जाने के आदेश जारी किए गए थे। जिससे जिले के सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों के बाजारों में कुम्हार अपने मिट्टी के दीपक का विक्रय कर सकें। उक्त आदेश के बावजूद भी मंडला जिले के हिरदेनगर हाट बाजार में कुम्हारों से अनाधिकृत रूप से राशि वसूलने की खबर प्राप्त हुई थी। उक्त आदेश के परिपालन में हिरदेनगर हाट बाजार में कुम्हारों के द्वारा दीपावली पर्व पर तैयार किये गये मिट्टी के दीपक पर अनाधिकृत रूप से राशि वसूलने की खबर पर ठेकेदार नवीन चौरसिया के विरूद्ध जांच टीम गठित कर जांच कराई गई।
















राजेन्द्र फोटोकापी एवं स्टेशनरी

अर्जेन्ट फोटो तुरंत प्राप्त करें।
रिचार्ज वाउचर एवं सभी प्रकार के फार्म उपलब्ध है।
कलेक्ट्रेट मंडला

